पेरासिटामोल सहित कई नकली दवाएं देश भर में बेचने वाले रैकेट का हुआ पर्दाफाश

गुजरात के खाद्य एवं औषधि विभाग ने नकली दवा बनाने वाले रैकेट का पर्दाफाश किया है. गुजरात के खाद्य एवं औषधि नियामक आयुक्त द्वारा गुजरात के विभिन्न इलाकों से नकली दवाएं बनाने वाली फैक्ट्री और राज्य में बिक्री के रैकेट को उजागर किया है. इस रैकेट के पास से गुजरात खाद्य एवं औषधि नियामक ने अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, भुज और ईडर से 1.75 करोड़ से अधिक क़ीमत की नकली एंटीबायोटिक दवाओं का जत्था जब्त किया है.

Source: https://www.aajtak.in/india/gujarat/story/racket-selling-fake-medicines-including-paracetamol-across-the-country-busted-in-gujarat-ntc-1881689-2024-02-17